



## एक नजर में

### फागोत्सव एवं भजन संध्या 27 को

**ब्यावरा 25 फरवरी, का.** स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर धाम पर 27 फरवरी को फागोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है. जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को शाम 7 बजे से मंदिर धाम पर आयोजन प्रारंभ होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में मंदिर धाम पर होने वाले आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

### वायरल वीडियो पर पुलिस की कार्रवाई

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार किया जाना परिलक्षित हो रहा था. उक्त वीडियो का संज्ञान लेते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई तथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाई की है. पुलिस के अनुसार वीडियो के आधार पर संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उनसे संपर्क स्थापित किया गया. विश्वास चंद्रवंशी पिता दुर्गाप्रसाद चंद्रवंशी उम्र 43 वर्ष निवासी कुरावर रोड, सहारा स्कूल के सामने काला पीपल द्वारा थाना क्षेत्र में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. जिसमें 13 फरवरी को ग्राम इकलेरा में श्रवण पाटीदार एवं उनके साथी रामबाबू गोठी द्वारा फरियादी एवं उनके साथियों के साथ हाथ–थप्पड़ों से मारपीट की गई तथा धमकी दी गई. उक्त रिपोर्ट पर थाना तलेंन द्वारा धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कानून व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

### प्लास्टिक की बोतलों से बनेंगी पेड़ों की क्यारियां



**नवभारत न्यूज ब्यावरा 25 फरवरी, का.** उपयोग में आ चुकी प्लास्टिक पानी की बोतलों का संग्रहण कर बोतलों में पॉलीथिन भरकर इको ब्रिक्स तैयार किए जाएंगे. इन इको ब्रिक्स का उपयोग पौधों और पेड़ों की क्यारियां बनाने में किया जायेगा. इससे जहां पॉलीथिन का सुरक्षित निस्तारण होगा, वहीं पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में भी मदद मिलेगी. बॉटल बैंक का शुभारंभ आरएसएस के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने किया. उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है. आज हम ऐसा करेंगे तभी धरती सुरक्षित रह पाएगी. यह प्रयास पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर आरएसएस के विभाग संघ चालक उदयसिंह चौहान, विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे.

### 25 फरवरी को ब्यावरा मंडी भाव

| | |
|---|---|
| गेहूं | 2100 से 2485 |
| चना | 4580 से 4655 |
| सोया | 4615 से 5695 |
| मक्का | 1300 से 1450 |
| सरसों | 4500 से 6260 |
| मसूर | 4560 से 6625 |
| धना | 3000 से 10410 |

# बस हड़ताल से होली पर होगा हाहाकार

## बस ऑपरेटरों ने 2 मार्च से हड़ताल पर जाने का दिया ज्ञापन, बसों के पहिए थम गये तो यात्रियों को होंगी काफी असुविधाएं

**यात्री बसों के संचालन की नई नीति को बताया दमनकारी**

**जिला मुख्यालय पर बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**



*राजगढ़. ज्ञापन सौंपते हुए बस ऑपरेटर यूनियन के सदस्यगण.*

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. राज्य सरकार द्वारा यात्री बसों के संचालन हेतु प्रदेश में लागू की जा रही नई परिवहन नीति का बस ऑपरेटरों ने विरोध करते हुए आगामी दो मार्च से हड़ताल की चैतावनी दी है. अगर ऐसा होता है तो यात्रियों का होली पर हा हा कार मच सकता है.**

उल्लेखनीय है कि सरकार यात्री बसों का संचालन शुरू करने हेतु नई परिवहन नीति लाया है. बस ऑपरेटरों द्वारा स्थान–स्थान पर रूक कर यात्री को अपने गंतव्य तक छोड़ने वाली स्टेज कैरिज बसों के संचालन के लिए लाई जा रही नई नीति को दमनकारी बताया है. उनका कहना है कि इससे बस मालिक आहत है. इस नीति में सुधार करने की मांग करते हुए बस ऑपरेटरों ने जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो प्रदेश सहित जिले भर में 2 मार्च से बसों का संचालन बंद करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.

गौरतलब है कि अगर होली जैसे त्यौहार पर जबकि महिलाओं को अपने मायके आने की परंपरा प्रचलित है. साथ ही त्यौहार पर बाहर रहने वाले काम काजी लोगो का भी अपने गांव, घर आते है. अगर ऐसे में इस समय हड़ताल होती है तो यात्रियों में हा हा कार मचना स्वभाविक है. सरकार को इस दिशा में समय रहते निर्णय लेना होगा.

बुधवार को मध्य प्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन के द्वारा जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें कहा गया कि 24 जनवरी 2025 को राजपत्र में संशोधन का प्रारुप प्रकाशित किया गया है, उसे वापस या समाप्त किया जाये. 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में किया गया संशोधन प्रकाशित किया है उसे पूर्ण रुप से समाप्त किया जाये तथ वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ प्रदेश में बस संचालन किया जा रहा है उसे यथावत रखा जाये. इस अवसर पर बड़ी संख्या में बस संचालक उपस्थ्ति रहे.

### 7 कंपनियों से अनुबंध को बताया अनुचित

बस संचालको को कहना है कि वर्तमान में जो व्यवस्था है उसे यथावत रखा जाये. प्रदेश सरकार द्वारा नई परिवहन नीति के लिए लाए गये नोटिफिकेशन में बसों के संचालन हेतु 7 कंपनियों से अनुबंध किया जाएगा. इन कंपनियों के अधीन ही बस संचालकों को रहते हुए अपनी बसों का संचालन करना होगा. बसों का संचालन कंपनियों की शर्तो पर ही होगा. कंपनी द्वारा बस संचालकों को रॉयल्टी के तौर पर राशि दी जाएगी. कंपनियों द्वारा 6 माह के लिए अनुबंध किया जाएगा. जो उनकी शर्तो के माफिक रहेगा. साथ ही स्पेशल परमिट हेतु टेक्स बढ़ेगा जो कि प्रति सीट 12 रुपये से बढ़कर 18 रुपये होगा. साथ ही टेम्प्रेरी परमिट पर भी बढ़ोत्तरी हुई है.

# मालगाड़ी की चपेट में आये गौवंश की मौत

## दो गौवंश गंभीर रूप से घायल, खिलचीपुर के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन के समीप हुई घटना



**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 25 फरवरी, सं. मंगलवार की रात्रि में खिलचीपुर के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन के समीप फतेहपुर और जामुनिया के बीच रेल पटरी पर तीन गौवंश मालगाड़ी की चपेट में आ गये. दुर्घटना में एक गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये.**

घटना का पता बुधवार सुबह चला जब लोगों ने रेलवे ट्रेक के यहां एक गौवंश को मृत अवस्था में देखा. घायल एक बैल का पैर पूरी तरह कट गया. पूंछ भी क्षतिग्रस्त हो गई. जबकि एक अन्य गौवंश का एक पैर आंशिक रूप से कट गया. जानकारी लगते ही ग्रामीणजन मौके पर पहुंचे और घायल गौवंश को पट्टी बांधकर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की. **निर्माण सामग्री लेकर आ रही है मालगाड़ी–** गौरतलब है कि रामगंज मंडी–भोपाल रेलवे लाईन का कार्य चल रहा है, जिसके के चलते निर्माण सामग्री लेकर मालगाड़ी आ–जा रही है, इसी तरह जब मालगाड़ी सामान लेकर आ रही थी तभी रेलवे ट्रेक पर मौजूद गौवंश मालगाड़ी की चपेट में आ गये.




# बाल विवाह एवं नातरा झगड़ा प्रथा उन्मूलन कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली द्वारा संचालित बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण योजना, 2025 के अंतर्गत तथा म.प्र. राज्यविधिक सेवाप्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजीव म. आपटे के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ द्वारा जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर भवन राजगढ़ में एक विशेष कानूनी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य राजगढ़ जिले में प्रचलित बाल सगाई, बाल विवाह एवं नातरा झगड़ा प्रथा जैसी कुप्रथाओं के प्रभावी उन्मूलन हेतु शासन के संबंधित विभागों को कानूनी रूप से सशक्त एवं सजग बनाना था. कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाई, वन विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के अधिकारी एवं सदस्यगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिवजिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवदत्त द्वारा की गई. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी दायित्वों, प्रक्रियाओं एवं उत्तरदायित्वों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया. साथ ही सभी अधिकारियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे इन कुप्रथाओं की रोकथाम हेतु ठोस एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीण एवं आमजन में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करेंगे।कार्यशाला में राजगढ़ जिले में वनों के कम घनत्व के दृष्टिगत प्राकृतिक संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया. पंच–जे अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया. सभी अधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर उसकी देखरेख सुनिश्चित करें.

# टूर्नामेंट में 8 जिलों से 29 टीमें हुईं शामिल

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 25 फरवरी, का.** विमुक्त घूमन्तु अर्धघूमन्तु समाज विकास समिति मध्य भारत प्रांत जिला राजगढ़ के द्वारा घूमन्तु गौरव कप 2026 किक्रेट टूर्नामेंट का आयोजन पब्लिक क्लब ग्राउण्ड पर किया जा रहा है. समापन आज 26 फरवरी को होगा. घुमंतू प्रांत प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने बताया कि 16 फरवरी से आरंभ हुए टूर्नामेंट में 8 जिलों से 29 टीमों ने भाग लिया. इसका प्रमुख उद्देश्य् घूमन्तु समाज के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना और समाज की प्रतिभाओं को आगे लाना है. फाइनल मैच के खिलाड़ियों को केंद्रीय अधिकारी दुर्गादास सहित राजगढ़ कलेक्टर की उपस्थिति में शील्ड और पुरस्कार वितरण कर किया जायेगा.

समापन के एक दिन पूर्व सेमीफाइनल मैच का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजगढ़ विभाग प्रचारक धर्मेंद्र बघेल सहित अतिथि राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, मध्य भारत प्राप्त घुमंतू कार्य प्रांत प्रमुख लखन विश्वकर्मा, प्रांत सह सेवा प्रमुख जितेंद्र राठौड़, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व मंडी अध्यक्ष मकलेश चौहान, पाल समाज प्रदेश अध्यक्ष अनीता पाल, संजय सक्सेना, विजय तिवारी, सुरेश गुदेन, जीतू पटवारी द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर मैच का शुभारंभ किया.

# कृषि सम्मेलन में तैनात कर्मचारी की मौत

## मोहनपुरा कृषि धाम पर चल रहे आयोजन के समय हुई घटना



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. जिला मुख्यालय के समीप मोहनपुरा डैम पर आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेले में ड्यूटी पर तैनात कृषि विभाग के एक कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया. कर्मचारी विभाग की प्रदर्शनी स्थल पर अपनी ड्यूटी पर तैनात थे.**

ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी एकाएक चक्कर खाकर गिर कर बेहोस हो गये. यह देख साथी कर्मचारियों ने रामप्रसाद भील को संभालते हुए सीपीआर देने की कोशिश की. सीपीआर के माध्यम से सभी ने खूब प्रयास किया कि उनकी सांसे लौट आये. तमाम प्रयासों के बावजूद ऐसा नहीं हो सका.

स्थिति गंभीर देख तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी रामप्रसाद पिता तेजाजी भील उम्र 52 वर्ष निवासी जूनापानी कृषि सम्मेलन में तैनात थे. घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कर्मचारी अचानक बैठे–बैठे ही अचेत होकर गिर गये. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# 450 बड़े बकायादारों को नोटिस की तैयारी

## विद्युत विभाग जारी कर रहा नोटिस, एक करोड़ से अधिक बकाया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 25 फरवरी, का. विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली हेतु शहरी क्षेत्र में ऐसे 450 बड़े बकायादारों को नोटिस देने की तैयारी की जा रही है, जिन पर दस हजार से अधिक की राशि बकाया है.**

जानकारी के अनुसार लगभग 450 बकायादारों को विभाग द्वारा नोटिस दिए जा रहे है. इन पर 1 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि बकाया होना बताया जाता है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बकाया राशि जमा करने 28 फरवरी तक का समय निर्धारित किया गया है. इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं होने पर विभाग द्वारा आगामी कार्यवाई की जाएगी.

**विद्युत उपकरणों में होते रहते है फाल्ट** बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग द्वारा सतत् प्रयास किए जाते है, ठीक उसी तरह विद्युत सुविधा के प्रति भी गंभीरता बरती जाना चाहिए. प्राय: आये दिन विद्युत उपरकरणों में फाल्ट होकर खराबी होने, देर तक बिजली गुल होने के मामले सामने आते रहते है. जबकि विभाग द्वारा समय–समय पर मैंटेनेंस कार्य किया जाता है, बावजूद इसके विद्युत उपकरणों में खराबी होती रहती है.

### बड़े बकायादार भी शामिल

जानकारी के अनुसार बकायादारो में कई बड़ी राशि वाले बकायादार भी शामिल है, जिनके द्वारा काफी समय से बिल की राशि जमा नहीं की जा रही है. बकायादारों में औद्योगिक, व्यवसायिक, घरेलू बकायादार शामिल है. शहरी क्षेत्र में ही करीब ढाई करोड़ रुपये बकाया होना विभाग द्वारा बताया जा रहा है. गौरतलब है कि शहरी क्षेत्र में लगभग 17 हजार उपभोक्ता है.



# गंभीर एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों को तत्काल भर्ती करें

## शत प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी अनिवार्य –कलेक्टर

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में एनआरसी संचालन, बेड ऑक्यूपेंसी, गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों की भर्ती तथा माताओं को देय मजदूरी प्रतिपूर्ति की विस्तार से समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अस्पतालों में शत प्रतिशत से कम बेड ऑक्यूपेंसी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कम बेड ऑक्यूपेंसी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कारणों की बिंदुवार जांच कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए.

बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं सुपरवाइजर से प्रश्न किया कि गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों को तत्काल एनआरसी में भर्ती क्यों नहीं किया जा रहा है. उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी बच्चों की तुरंत भर्ती सुनिश्चित की जाए।एनआरसी में भर्ती माताओं को दिए जाने वाले मजदूरी क्षतिपूर्ति भुगतान की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पूछा कि भुगतान समय पर क्यों नहीं हो रहा है और इसे प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. नरसिंहगढ़ एनआरसी के खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए.

जिला चिकित्सालय में पदस्थ श्रीमती मंजू सिसोदिया एवं श्रीमती रचना मेवाड़े द्वारा एनआरसी में भर्ती बच्चों का नियमित फॉलोअप नहीं किए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए. साथ ही खुजनेर, ब्यावरा एवं राजगढ़ के सीडीपीओ को खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही सबसे कम प्रदर्शन करने वाली सुपरवाइजर की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें. इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे सहित समस्त् एनआरसी सीडीपीओ सुपरवाईजर उपस्थित रहे.

**कृषि सम्मेलन** ▶ **आधुनिक एवं जैविक खेती अपनाने की दी गई सलाह, उन्नत किसान हुए सम्मानित**

# तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. कृषि धाम मोहनपुरा राजगढ़ में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन का समापन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ. कार्यक्रम का आयोजन कृषि प्रबंधन तकनीकी एजेंसी (आत्मा) द्वारा किया गया.**







समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, किसान संघ के पदाधिकारी नाथू सिंह तोमर, रामदयाल नागर एवं अशोक जाट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया.मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब जैविक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए. उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सलाह और तकनीकों को अपने खेतों में अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है.

किसान संघ उपाध्यक्ष श्री नाथू सिंह तोमर ने आधुनिक तकनीक एवं जैविक पद्धति के समन्वय पर बल देते हुए कहा कि बदलते समय के साथ खेती में नवाचार आवश्यक है।कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.के. कौशिक, डॉ. लाल सिंह एवं डॉ. ए.के. मिश्रा ने तिलहन फसलों एवं अन्य उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी. इस अवसर पर उन्नत किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक वीके नायता, एडीओ प्रहलाद सिंह बारेला, दिशा राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी श्री विशाल भालसे एवं रामशंकर पावक ने विभागीय योजनाओं एवं लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी.

साथ ही तीन दिवसीय सम्मेलन में किसानों ने आधुनिक तकनीक, जैविक खेती, उद्यानिकी फसल प्रबंधन एवं शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए. कार्यक्रम का समापन उत्साह और जागरूकता के वातावरण में हुआ.

### उन्नत खेती के दिये कई टिप्स

तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों को नवीन तकनीक, योजनाओं एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर कृषि विस्तार के बारे में जानकारी प्राप्त की. किसानों को उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत 'अमृत संतरा' एवं लीची की उन्नत खेती के संबंध में भी किसानों को विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया.